## खबर संक्षेप

### नहीं मिला नोटिस का समाधानकारक जवाब, एक सप्ताह के मानदेय की हुई कटौती

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में चुनाव ड्यूटी से मुक्त रहने सतना और रीवा जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भ्रामक जानकारी देकर गुमराह करने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला समन्वयक विनय शंकर मिश्रा और पुष्पेंद्र कुमार निगम की अप्रैल माह के एक-एक सप्ताह के मानदेय में कटौती की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है जिला समन्वयक विनय शंकर मिश्रा और पुष्पेंद्र कुमार निगम द्वारा चुनाव ड्यूटी से मुक्त रहने के लिये जिला निर्वाचन कार्यालय सतना और रीवा को भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की गई थी। जिसके फलस्वरुप श्री मिश्रा और श्री निगम को कारण बताओ नोटिस जारी कर समाधानकारक जवाब चाहा गया था। संविदा कर्मी जिला समन्वयक विनय शंकर मिश्रा और पुष्पेंद्र कुमार निगम द्वारा नोटिस का दिया गया जवाब समाधानकारक नहीं है। दोनो संविदा कर्मचारियों के अप्रैल माह में एक-एक सप्ताह के मानदेय में कटौती किये जाने के आदेश दिये गये हैं।

### महावीर जन्म कल्याणक रथयात्रा आज

**सतना।** जैन धर्मावलम्बियों के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर आज प्रातः 9 बजे से श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट द्वारा प्रभु की रथयात्रा निकाली जाएगी। श्री आदिनाथ जिनालय गांधी चौक से यह रथयात्रा प्रारम्भ होगी।इस वर्ष विशेष खुशी और आनन्द का अवसर यह है कि पूज्य गच्छाधिपति आचार्य विजय अभयदेव सुरीश्वर महाराजा,पूज्य आचार्य विजय मोक्षरत्न सुरीश्वर जी महाराजा एवं साधु-साध्वी भगवंत की उपस्थिति का आशीर्वाद भी श्री संघ को प्राप्त होगा। रथयात्रा श्री आदिनाथ जिनालय से गौशाला चौक,अग्रसेन चौक,बिहारी चौक,पन्नीलाल चौक,पुराना पावर हाउस चौक होते हुए वापस श्री आदिनाथ जिनालय में पूर्ण होगी। शनिवार को नवपद की ओली पर प्रवचन देते हुए आचार्य श्री ने बताया कि नवपद की ओली का छठवां दिवस विशेष महत्व का है। क्योंकि इस दिन 'सम्यक दर्शन' के महत्व का वर्णन किया गया है। 'सम्यक दर्शन' अर्थात साधना की शुरूआत। खुद के द्वारा की गई भूल का पश्चाताप करने पर सम्यक दर्शन को प्राप्त किया जा सकता हैं। श्री संघ द्वारा बताया गया कि पंचकल्याणक एवं अंजन शलाका महामहोत्सव को यादगार बना देने वाले मीडिया के बन्धुओं का सम्मान भी रविवार 21 अप्रैल को रथयात्रा उपरान्त उपाश्रय जी (श्री आदिनाथ जिनालय) में आचार्य श्री की उपस्थिति में किया जाएगा।

### महावीर जयंती पर नगरीय क्षेत्र में मांस की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**सतना।** प्रदेश में 21 अप्रैल,2024 रविवार महावीर जयंती के मौके पर नगरीय क्षेत्र में संचालित मांस की दुकानें और पशुवध गृह बंद रहेंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं।

### रोटरी क्लब ने जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन दी

**सतना।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब द्वारा महिलाओं को सिलाई मशीन दी गई। रोटरी क्लब के सचिव हरिओम गुप्ता ने बताया की रोटरी क्लब 3120 के डिस्ट्रिक गवर्नर अनिल अग्रवाल के सहयोग से गरीब असहाय महिलाओं (जिनको सिलाई कढ़ाई आती है) को स्वावलंबी बनाने एवं रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज पन्नीलाल चौक स्थित सरस्वती भवन में कार्यक्रम आयोजित कर निःशुल्क सिलाई मशीन भेंट की,ताकि जरूरतमंद महिलाएं अपने घर का गुजर बसर कर अपने बच्चों का पालन पोषण कर सकें।

### बेरहमी से उड़ेला धन, कार्यक्रमों में कुर्सियां रहीं खाली

## सीएम प्रवास के नाम पर उड़ गए सात करोड़

शहडोल

प्रदेश के मुख्यमंत्रियों व कैबिनेट मंत्रियों के आगमन पर सरकारी बजट किस बेरहमी से उड़ेला जाता है और उसकी किस तरह से लूट मचती है इसका एक उदाहरण है पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का एक प्रवास। जो कि एक रोड शो के साथ स्कूटी वितरण कार्यक्रम के रूप में लिया गया था। मुख्यमंत्री दरअसल 23 अगस्त को भाजपा का चुनावी जनाधार मजबूत करने यहां आए थे। उनके इस प्रवास पर प्रदेश सरकार का 7 करोड़ रुपए खर्च किया गया। इतनी बड़ी जो रकम फूंकी गई उसका लाभ केवल कर्मचारी अमले को और चंद बिचौलियों तक सीमित रहा। मुख्यमंत्री का लाभ यह हुआ कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी जीत गई। इसका श्रेय शायद थोड़ा बहुत इस कार्यक्रम को भी दिया गया हो। लेकिन सवाल यह है कि इतने बड़े बजट की निकासी का कोई सरोकार जनहित से नहीं रहा। जनता को उसका कोई लाभ नहीं मिला।

### कार्यक्रम व्यवस्था के नाम बंटी रेवड़ी

मुख्यमंत्री के कई कार्यक्रम हुए थे। इन कार्यक्रमों में नाश्ता पानी, भोजन, बैठक व्यवस्था, टेंट आदि के नाम पर जमकर रेवड़ी बांटी गई। जिन्हे विविध फर्मों के नाम वितरित किया जाना दर्शाया गया। मेसर्स दुर्गा लाइट एण्ड टेंट हाउस ने12 लाख का भुगतान उठाया। रूपरंग कैटर्स को 4 लाख का



भुगतान हुआ। बघेल ढाबा 6 लाख 75 हजार का भुगतान, मे. रघुकुल सामाजिक सेवा शहडोल को दो लाख, सहारा ट्रैवल्स दो लाख रुपए, ए टु जेड सर्विस सतना को एक लाख 56 हजार का भुगतान, इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी ने विभाग के खाते में लाख 95 हजार रुपए डाल कर सुरक्षित रखा। जबकि इसका प्रावधान नहीं है। डीजल पेट्रोल व्यय के नाम भी अंधाधुंध व्यय किया गया। ई स्कूटी परिवहन पर 1 करोड़ 90 लाख रुपए का व्यय, नाश्ता पानी पर 6 लाख 92 हजार का व्यय दर्शाया गया।


### 142 स्कूटी बांटी गईं

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को 145 स्कूटियां बाटी जानी थी, लेकिन एक बालक की मृत्यु हो जाने से यहां 144 स्कूटियां वितरित की जानी थी लेकिन किसी कारण से दो बच्चों को स्कूटी की धनराशि प्रदान की गई इसलिए कुल 142 स्कूटियों का वितरण हो सका था। 145 स्कूटियां का संपूर्ण व्यय 1 करोड़ 90 लाख दर्शाया गया है, जबकि इसमें कुल 1 करोड़ 44 लाख रुपए का व्यय होना था। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री का प्रमुख कार्यक्रम बताया गया था। मुख्यमंत्री ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए यहां उद्गार भी व्यक्त किए थे। यह योजना शासकीय हायरसेकण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत उन मेधावी बच्चों के लिए थी, जिन्होने बारहवीं बोर्ड परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया था।

### कुर्सियां खाली रहीं कौन कर गया भोजन?

इतना ही नहीं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मप्र माध्यम भोपाल द्वारा भी टेंट की व्यवस्था की गई थी और यहां डोम सेटअप की सुविधा ली गई थी। पालीटेक्निक मैदान में जहां स्कूटी कार्यक्रम रखा गया था वहां 30 हजार की भीड़ बताई गई थी, लेकिन भीड़ मुश्किल से 10 हजार भी नहीं रही। पीछे की सारी कुर्सियां खाली रहीं आगे की फोटो खींच कर सारी कुर्सियों को फुल दर्शाने का प्रयास किया गया। अधिकांशतः मुख्यमंत्री का रोड शो चला जिसमें अधिक देर तक रुकने या भोजन की व्यवस्था नहीं हो सकती थी। कुछ अन्य स्थानों में जो मंचीय कार्यक्रम थे वहां भी टेंट पूरी तरह नहीं भरे थे। मुख्यमंत्री का ग्राम संकरा में कार्यक्रम था जहां उन्होनें भाजपा सरकार की नीतियों की चर्चा कर जनता को लुभाने का प्रयास किया गया था। यहां भी सभा स्थल में पूर्व की भांति जनता एकत्र नहीं हो सकी थी। जितना भारी व्यय दर्शाया गया उतना व्यय हुआ नहीं जबकि 7 करोड़ रुपए की होली खेली गई। इस भारी भरकम व्यय की कड़ाई से जांच की जाकर दोषियों को दण्डित किया जाना चाहिए।

## शहर में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप




### प्रशासन को नहीं आम जनता के स्वास्थ्य की चिंता

**शहडोल।** गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर में मच्छरों का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ गया है, वैसे तो साल भर शहर में नपा की लापरवाही से मच्छरों का आतंक रहता है, लेकिन इन दिनों मच्छरों की आमद इतनी तेजी से बढ़ी है कि रात तो रात दिन में भी इनके आतंक से शहरवासी सहमे हुए हैं, इधर शहरवासी मच्छरों के आतंक से त्रस्त हैं, उधर, नपा के पास मच्छरों से मुक्ति दिलाने के लिए किसी भी प्रकार के कार्य नहीं किये जा रहे हैं। नगर में मच्छरों की संख्या बढ़ती जा रही है, जगह-जगह जाम पड़े कचरे और खुली नालियां इन मच्छरों के उत्पन्न होने की वजह बन रही हैं, जिसके चलते लोगों को मच्छर भगाने वाले वस्तुओं का सहारा लेना पड़ रहा है, इधर दिनों-दिन बढ़ती मच्छरों की तदाद की वजह से शहर के लोगों को डेंगू व मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों की चिंता सता रही है।

## तीन नवीन संहिताओं के क्रियान्वयन के लिये दिया गया प्रशिक्षण



**शहडोल।** संभागीय जनसंपर्क अधिकारी अभियोजन नवीन कुमार वर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि लोक अभियोजन श्रीमती सुषमा सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार उपसंचालक अभियोजन श्यामलाल कोष्टा के मार्गदर्शन में 20 अप्रैरल को तीन नवीन संहिताओं भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के क्रियान्वयन हेतु, जिले के समस्त अभियोजन अधिकारियों को जिला लोक अभियोजन कार्यालय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिले एवं तहसील के समस्त अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में राकेश कुमार पाण्डेय एडीपीओ द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 पर व्याख्यान दिया गया।

### भार साधक अधिकारी की निगरानी बिना मण्डी का हाल बेहाल

## लाखों के शेड बेकार पड़े, कृषि उपज की नहीं हो रही नीलामी

**शहडोल।** नगर में संचालित कृषि उपज मण्डी का शासकीय अनुशासन वर्षों से छिन्न भिन्न है लेकिन सुधारने के उपाय नहीं किए जा रहे हैं। मण्डी के भारसाधक अधिकारी तहसीलदार यहां का न मुआयना करते हैं न कार्यालय की मॉनीटरिंग की जाती है, इसलिए यहां अव्यवस्थाएं व्याप्त हैं। कार्यालय अवधि में भी मण्डी कार्यालय के अमले का पता नहीं रहता है, जबकि मण्डी समिति वर्षों से भंग पड़ी है। इस कारण यहां अब न तो मण्डी अध्यक्ष हैं और न सदस्य ही हैं। कार्यालय का अमला बेलगाम और स्वेच्छाचारी हो चुका है। सर्वाधिक नुकसान किसानों का हो रहा है उन्हे अपने कृषि उपज का समुचित लाभार्जन नहीं हो पा रहा है। उपज की नीलामी के लिए लाखों के शेड बनवाए गए थे जो कि वर्षों से वीरान पड़े हैं।

### यह है स्टाफ की स्थिति

कार्यालय के काम संचालन के लिए एक सचिव, पांच की संख्या में सहायक उपनिरीक्षक और तीन बाबू पदस्थ हैं। लेकिन कार्यालय में केवल एक दो बाबू ही दिखाई पड़ते हैं। पूर्व में जब मण्डी प्रभावशील थी तब अध्यक्ष यहां बैठते थे और सदस्य भी उपस्थित रहते थे। शासन ने कृषि उपज मण्डी का संचालन इसलिए किया था कि जिससे किसानों के आर्थिक विकास में मदद मिल सके। लेकिन यह उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है, यहां मण्डी के शेडो में वर्षों से सन्नाटा छाया हुआ है। कोई किसान यहां गल्ला लेकर नहीं आता है।

### भारसाधक अधिकारी भी नहीं आते

बताया गया कि सचिव यहां यदा कदा ही आते हैं। मण्डी के भारसाधक अधिकारी तहसीलदार बनाए गए हैं लेकिन वे भी कार्यालय का जायजा लेने कभी नहीं आते हैं। उनके द्वारा उदासीनता बरतने के कारण ही यहां अधिक अनशासनहीनता बढ़ रही है। सचिव के पास अनुपस्थित रहने का एक बहाना यह रहता है कि उनके पास दो जिलों का प्रभार है। मुख्यतया वे उमरिया जिले की मण्डी के अधिकारी हैं शहडोल उनके अतिरिक्त प्रभार पर है। लेकिन पांच सहायक उपनिरीक्षक जिनकी क्षेत्र भ्रमण और शुल्क वसूली की ड्यूटी रहती है वे भी यहां यदाकदा ही आते हैं और भ्रमण पर भी नहीं जाते हैं। शुल्क वसूली की स्थिति निराशाजनक है।

### न समिति का गठन, न किसानों की चर्चा

मण्डी की समिति करीब चार-पांच वर्षों से भंग है, लेकिन शासन अभी तक यहां चुनाव नहीं करा पाया है। इसलिए किसानों के हित की बात उठाने वाला यहां कोई नहीं है। पूर्व में जब समिति प्रभावशील थी तब यहां मण्डी अध्यक्ष बैठते थे, सदस्य भी आते थे और समय समय पर बैठकें होती थी। किसानों के विकास के मुद्दे पर चर्चा होती थी और उसी अनुरूप रणनीति तय की जाती थी। लेकिन मण्डी के भंग रहने से यह प्रक्रिया वर्षों से बंद पड़ी है। इससे किसानों का तो नुकसान हो ही रहा है मण्डी का अनुशासन भी भंग हो गया है।

### अनुपयोगी हो गए लाखों के शेड

शासन ने लाखों रुपए खर्च कर कृषि उपज मण्डी को दो बड़े शेड इसलिए उपलब्ध कराए थे कि जिससे किसान यहां अपनी कृषि उपज को लेकर आए और नीलामी के माध्यम से अच्छा धन लाभ अर्जित कर सकें। शासन ने किसानों के लिए दो व्यवस्थाएं की हैं, जो किसान समर्थन मूल्य पर ही अनाज बेचना चाहते हैं वे उपार्जन केन्द्रों में खरीदी के समय जाकर गल्ला बेच सकते हैं। लेकिन जिन्हे यह लगता है कि उनके गल्ले का और अधिक मूल्य मिलना चाहिए वे मण्डी में लाकर नीलामी करा सकते हैं। मण्डी का दायित्व है कि किसान के उस उत्पाद के लिए वह नीलामी की व्यवस्था कराए। किसान गल्ला लेकर शेड में रखेगा और मण्डी के निर्देश पर व्यापारी यहां पहुंच कर बोली लगाएंगे। ज्ञातव्य है कि मण्डी में व्यापारी सदस्यों की संख्या भी नाममात्र की ही है। मण्डी ने व्यापारी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की ओर ध्यान नहीं दिया है।

## भाजपा ही देश की भरोसेमंद पार्टी है: दौलत मनवानी

**धनपुरी।** जिन्होंने 60 साल देश में राज किया जिनके हाथों में सत्ता थी और इन 60 वर्षों में देश के लिए इन्होंने क्या किया उसे पूरे देश की जनता ने देखा यही कारण है कि आज भाजपा नहीं बल्कि देश की जनता अबकी बार 400 पार की बात कह रहे हैं और पूरा देश का माहौल भी कुछ ऐसा ही देखा जा रहा है भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जहां पर संगठन सर्वोपरि होता है और यही कारण है कि आज पूरे विश्व में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है भाजपा पर जनता का भरोसा है जहां-जहां आज पूरे भारत के प्रदेशों में भाजपा की सरकार हैं वहां विकास दिखता है जनता कहती है लेकिन जहां विपक्ष की सरकार हैं उन प्रदेशों में विकास की बातें नहीं बल्कि भ्रष्टाचार तुष्टिकरण देखा जा रहा है और 2024 के लोकसभा चुनाव में उन प्रदेशों में भी जनता विपक्ष को जवाब देगी उक्त बातें भाजपा जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दौलत मनवानी ने कही। जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी दौलत मनवानी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पर की आवाज जनता की आवाज है और 4 जून को जब नतीजे सामने आएंगे तब प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार होगी और देश की जनता का विश्वास पूरा करने का काम मोदी सरकार करेगी 2004 से लेकर 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब देश में विकास की बात नहीं बल्कि भ्रष्टाचार पर चर्चा होती थी कांग्रेस की इन 10 वर्षों के शासनकाल में जितने



भ्रष्टाचार हुए थे उसे देश की जनता ने देखा और 2014 के चुनाव में जनता ने इसका जवाब दिया और पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में मोदी सरकार की जीत हुई आज दुनिया में भारत तेजी से मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है विश्वास की नजरों से दुनिया भारत की तरफ देख रहा है और यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि देश में 10 सालों एक मजबूत सरकार है जो देश को मजबूत करने का काम कर रही है 2014 से लेकर 2024 तक अगर केंद्र में काबिज भाजपा सरकार के कामकाज को देखा जाए तो देश के अंदर विकास के काम दिख रहे हैं रोजगार के अवसर नजर आ रहे हैं लोगों में एक विश्वास देखा जा रहा है और देश मजबूती के साथ आगे बढ़ता नजर आ रहा है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार ने इसे संभव बनाया 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होगा और यही से 400 पार की शुरुआत होगी जब 4 जून को नतीजे आएंगे तब पूरे देश में यह नतीजा जनता के विश्वास पर देखा जाएगा और भाजपा की सरकार लगातार तीसरी बार केंद्र में काबिज होगी।भाजपा नेता श्री मनवानी ने कहा कि आज कांग्रेस गरीबी हटाने की बात करें, रोजगार देने की बात कर रही है लेकिन देश की जनता इस बात पर सवाल कर रही है कि 60 सालों के शासन में कांग्रेस ने इस पर काम क्यों नहीं किया, कांग्रेस ने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति की यही कारण है कि आज पूरे देश के अंदर कांग्रेस का यह हाल है जबकि केंद्र की सत्ता में भाजपा की सरकार आने के बाद देश की तस्वीर बदली गरीबी हटाने को लेकर केंद्र की मोदी सरकार ने काम किया, जिसके परिणाम भी आज देश में देखे जा सकते हैं, आज देश के अंदर संभावनाएं देखी जा रही हैं क्योंकि जनता को इस बात पर विश्वास है कि मोदी है तो मुमकिन है, केंद्र ने जो योजनाएं शुरू की देश के अंदर आज करोड़ों लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना यह एक ऐसी योजना है जो देश के अंदर लोगों को पक्के मकान देने का सपना पूरा कर रही है, उज्ज्वला योजना में करोड़ों परिवार को गैस सिलेंडर दिया गया, आयुष्मान योजना में करोड़ों लोगों को चिकित्सा का लाभ मिल रहा है, 80 करोड़ परिवारों को सरकार राशन उपलब्ध करा रही है, किसानों के लिए केंद्र कि मोदी सरकार ने जो काम किया आज उसके परिणाम देखे जा रहे है,, ऐसे कई योजनाएं हैं जो आज कहीं ना कहीं देश को मजबूत बना रही है और जनता में एक नए विश्वास को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के अंदर अबकी बार लोकसभा की सभी 29 सीटों पर भाजपा की जीत होगी, 2023 के विधानसभा चुनाव में जिस तरह से प्रचंड बहुमत के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, यह उस विश्वास को दर्शाता है जो जनता का भाजपा पर है, आज अगर शहडोल संभाग की ही बात की जाए तो यहां विकास गांव-गांव शहर-शहर में देखा जा रहा है।

## रास्ते में रोककर महिला को पीटा

**शहडोल।** राह चलती महिला को रास्ते में रोककर उससे गुण्डागर्दी करना आज भी लोगों को शर्मिंदा नहीं करता है। आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। बीते दिनों सोहागपुर मोड़ पर दिनदहाड़े इसी तरह की एक घटना हुई जिसमें आशा श्रीवास्तव निवासी पटेल नगर चोटिल हुईं। उनके हाथ पैर व चेहरे पर चोट लगी। उन्होने सोहागपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनके अनुसार वे मूलतः जयसिंहनगर थाना ग्राम चितरांव की रहने वाली हैं। वर्तमान में शहडोल पटेल नगर में रहकर एक प्रायवेट कम्पनी में नौकरी करतीं हैं। वे कुछ महीनों से अनबन हो जाने के कारण अपने पति अमरदीप श्रीवास्तव से अलग रह रहीं हैं उनके तलाक का प्रकरण भी अदालत में चल रहा है। पति का एक दोस्त है दुर्गेश शर्मा, जो कि उन्हीं के मोहल्ले में रहता है। वह बीच में अनुचित रूप से हस्तक्षेप कर रहा है। बीते 13 अप्रैल को कंपनी ब्रांच मैनेजर शशि साकेत ने उन्हें फोन पर बताया कि दुर्गेश उन्हें फोन कर अनाप शनाप बक रहा है और तुम्हे नौकरी से निकालने के लिए कह रहा है। वे सोहागपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने आए हैं वहीं वे भी आ जाएं। श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि वे थाने जा रहीं थी कि मोड़ पर उन्हे दुर्गेश मिल गया और स्कूटी का रास्ता रोक लिया तथा अनाप शनाप बकते हुए उन पर हमला कर दिया। वे स्कूटी से गिर पड़ीं और उन्हे चोट लगी। उन्होने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी है।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पहुँची वियतनाम की टीम

### वन्य प्राणियो एवं वनों के संरक्षण की लेंगे जानकारी



**उमरिया।** बाघों के लिए और वनों के साथ प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वियतनाम से 45 अधिकारियों का दल पहुंचा है। वियतनाम से पहुंचे अधिकारियों ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों की सैर करने के साथ-साथ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन की जंगल की सुरक्षा और व्यवस्था की जानकारी ली।

वियतनाम के अधिकारी तीन दिनों तक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में रहकर अधिकारियों के साथ जंगल और प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी लेने के साथ-साथ जंगल पहुंचकर प्रबंधन द्वारा कराए गए कार्यों को देखकर संरक्षण और सुरक्षा को जानेंगे। तीन दिनों में शुक्रवार को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारी वियतनाम के अधिकारियों को प्रजेंटेशन से अर्पित मेराल, राहुल किरार ने भारत मे संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन, वन्यजीव चिकित्सक नितिन गुप्ता वन्यजीव स्वास्थ प्रबंधन, जीव विज्ञानी और तेजस करमरकर ने गौर पुनर्स्थापन की जानकारी दी।बीटीआर के अधिकारी को वनों को संरक्षित करने आग से बचाने,वन्य प्राणियों की सुरक्षा,जंगलों में पानी की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। दल के मुखिया वू वान हंग ने भारत में और बांधवगढ़ में बाघ संरक्षण की प्रशंसा की और इसी तरह संरक्षण प्रक्रियाओं को अपनाने की बात कही। वियतनाम के अधिकारी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों को घूम कर कार्यों को देखेंगे। उन्हें बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के इंक्लोजर और बारहसिंगा के बाड़े की जानकारी दी जाएगी।

## थ्रेसर में फंसने से महिला की मौत

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम बरही निवासी एक महिला की थ्रेसर में फंस जाने से मौत हो गई। मरने वाली महिला का नाम चैती बाई साहू पति धन्नू साहू बताया गया है।

### साड़ी का एक हिस्सा थ्रेसर में फंस गया

घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार महिला थ्रेसर में गेहूं की गहाई कर रही थी, इसी दौरान उसकी साड़ी का एक हिंस्सा थ्रेसर में फंस गया, जिससे वह उसके अंदर समा गई। इस हादसे में महिला के शरीर कई हिस्सों में विभक्त हो गया।

### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया। बाद में उसे परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए शव को सौंप दिया गया।




## खबर संक्षेप

### मजदूर नेता अतुल कुमार अंजान की हालत जानने पहुंचे हरिद्वार सिंह



**जमुना/कोतमा।** 19 अप्रैल को लखनऊ में गोमती नगर स्थित हास्पिटल में गम्भीर बिमारी का इलाज करा रहे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुल कुमार अंजान को देखने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सह राज्य सचिव हरिद्वार सिंह अपनी पत्नी के साथ अस्पताल पहुंचे।

### जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने जताया आभार

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत जिले की दो विधानसभा क्षेत्र क्रमशः 89 बांधवगढ़ एवं 90 मानपुर में स्वतंत्र, शांतिपूर्ण रूप से निर्वाचन संपन्न हुआ। लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत जिले की दो विधानसभा क्षेत्र क्रमशः 89 बांधवगढ़ एवं 90 मानपुर में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम और पारदर्शी तरीके व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने जिले में निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आम नागरिकों, चुनौती 40 के तहत मतदाताओ को जागरूक करने मे लगी टीमों, स्वीप के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, जन अभियान परिषद के परामर्शदाताओ, मतदाताओं, सुरक्षा बलों, मीडिया कर्मियों आदि के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन कार्य से संबद्ध प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों, जिला अधिकारियों और कर्मचारियों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी शासकीय कर्मियों की लगन, निष्ठा और कड़ी मेहनत की वजह से जिले के सभी मतदान केन्द्रों में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न हुआ। कलेक्टर ने विशेष रूप से दिव्यांग मतदाताओं, 80 वर्ष से अधिक उम्र और गर्भवती,धात्री मतदाताओं द्वारा मतदान के पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन की आचार संहिता लगने के पहले से जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों ने निर्विघ्न चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए जो मेहनत की थी वह फलीभूत हुई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अभय सिंह ओहरिया, एआरओ 90 मानपुर कमलेश नीरज, एआरओ 89 बांधवगढ रीता डेहरिया ने भी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान संपन्न कराने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## 181 का निराकरण करने से भाग रहे सीएचएमओ

# नियम को ताक पर रखकर ईलाज कर रहा समीर अधिकारी

**नौरोजाबाद।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 चालू किया है, जिसमें लोग किसी भी विभाग में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, जिससे कि लोगों की समस्या दूर हो सके और संबंधित विभाग उसमें कार्यवाही कर रुके हुए कार्य को करवा सके, जिसके लिए 181 हेल्प लाइन चालू किया गया है, लेकिन उमरिया जिले में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सीएचएमओ डॉ. आर.के. मेहरा के द्वारा शिकायत में कार्यवाही न करने से भागते हुए नजर आ रहे हैं। शिकायत क्रमांक 23658362 दिनांक 10/08/2023 को दर्ज किया गया था, लेकिन आज दिनांक तक शिकायत में कोई निराकरण नहीं किया गया, शिकायत गोल-गोल घूमता हुआ नजर आ रहा है।

### 1 साल 3 महीनों से सीएचएमओ नहीं कर पा रहे निराकरण

ऐसे नहीं बोला जाता एमपी अजब अधिकारी गजब क्योंकि यहां की तस्वीर दिखती कुछ है और कहती कुछ और है हम बात कर रहे हैं उमरिया जिले की स्वास्थ्य विभाग की जिसकी जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. मेहरा को दी गई है एक शिकायत का निराकरण करने के लिए सीएचएमओ को और उनके विभाग को 1 साल 3 महीने लग गए, लेकिन कार्यवाही करने से भागते हुए नजर आ रहे हैं। सीएचएमओ अपनी ड्यूटी बखूबी निभा रहे हैं, साहब बिना निराकरण किए किसी भी शिकायत को अपने लेवल से बंद करवा देते हैं और अपनी ड्यूटी पूरी कर लेते है, सभी शिकायतों की उच्चस्तरीय जांच होना चाहिए कि बिना निराकरण किए आखिर अधिकारियों के द्वारा क्यों शिकायत को बंद कर दिया जाता है और शिकायतकर्ता संतुष्ट है कि नही उसकी शिकायत पर कोई कार्यवाही हुई है कि नहीं वो भी नहीं बताया जाता है, जब शिकायतकर्ता 181 में फोन करता है और अपनी शिकायत की जानकारी लेता है तो उसको पता चलता है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 फेल हो है और अधिकारी पास हो गए, जिस अधिकारी की शिकायत करो वही अधिकारी उसकी सुनवाई करेगा तो कहा से शिकायत में कोई निराकरण होगा।

### इस शिकायत को सीएचएमओ ने किया था बंद

ये शिकायत समीर कुमार अधिकारी नौरोजाबाद की है जो अपने आप को इलेक्ट्रो होम्योपैथी का डॉक्टर बताते है और ईलाज कर रहे हैं, एलोपैथी (अग्रेजी दवाई) ये खुद सीएचएमओ उमरिया ने उनकी क्लीनिक से एलोपैथी की दवाई जप्त किया था और बीएमओ साहब ने भी समीर के यहां से अग्रेजी दवाई जप्त की, जिसमें उनके दौरा मीडिया को वाइट भी दिया था अब जा कुछ और लिख के जवाब दे रहे हैं, सीएचएमओ उमरिया शिकायत क्र. 20814050 अपडेट शिकायत के 23658362 दर्ज शिकायत विवरणी जन हेतु जन सेतु शिकायत क्रमांक 20814050 दिनांक 29/01/2023 विभाग का नाम लोक स्वास्थ्य निराकरण कार्यालयीन पत्र क्रमांक 250/2023 दिनांक 25/01/2023 के अनुसार नोटिस दी गई जिस सम्बन्ध में नोटिस का जबाब आया है जिसमे अपनी पद्धति से इलाज किये जाने का अनुरोध किया गया है तत्सम्बंध में झोला छापा प्रक्टिस कर रहे लोगो के खिलाफ परिवार वाद की मान नीयन्यालय उमरिया में बिचारा धीन है शिकायत पर निराकरण एल 2 अधिकारी नाम-डॉ. आर के महरा, पद-सी.एम.एच.ओ. फोन- 9301359979 द्वारा दर्ज किया गया है।







### बिना कार्यवाही के सीएमएमओ ने किया शिकायत बंद

ऐसा ही मामला उमरिया में सामने आया है, जिसकी शिकायत, बिना शिकायतकर्ता की अनुमति के ही बंद कर दी गई और कागजों में ही समाधान कर दिया गया। जबकि जमीनी हकीकत वैसी की वैसी ही है हालत यह है कि सीएम हेल?पलाइन की लगातार मॉनिटरिंग के बाद अधिकारी ऑफिस में बैठे-बैठे ही शिकायतों का समाधान कर देते हैं। यह मामला कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया के पत्र क्र1960 उमरिया दिनांक 24-07-2023 के द्वारा इन शिकायत को फोर्स क्लोज हेतु अभिमत के साथ प्रस्तावित किया गया है। इनके द्वारा दिये गये अभिमत व प्रस्ताव के आधार पर शिकायत को बंद किया जा रहा है। जिसकी समस्त जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया की होगी। यह निराकरण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर. के. मेहरा ने दिया है, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को दिया है आखिर क्यों कार्रवाही से पल्ला झाड़ रहे सीएचएमओ साहब पूरे जिले में और नौरोजाबाद तहसील अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की

### सभी दस्तावेज डिग्री इलेक्ट्रो होमियोपैथी के रजिस्ट्रेशन की जांच हो



सबसे बड़ी लापरवाही सामने आ रही है नियम को ताक पर रखकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा फर्जी क्लीनिक संचालित करवाई जा रही है और उनकी क्लीनिको में जाकर जांच पड़ताल नहीं किया जा रहा है कि वह किस विधि से चिकित्सा कर रहे हैं और उनके पास कौन सी डिग्री है जिसके आधार पर वह चिकित्सा कर रहे हैं और अपनी क्लीनिक संचालित कर रहे हैं।

### समीर पर सीएचएमओ हुए मेहरबान

इलेक्ट्रो होम्योपैथी झोलाछाप डॉक्टरी के सिवाय कुछ नहीं है। न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 के अंतर्गत लोगों को स्वास्थ्य का अधिकार है। गैर मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धति से इलाज कराने से लोगों को बचाने का राज्य सरकार का दायित्व है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी एक वनस्पतियों पर आधारित चिकित्सा विज्ञान है। भारत में यह एक गैर मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धति है, इलेक्ट्रो होम्योपैथी के किसी भी शैक्षणिक संस्थान और संचालित पाठ्यक्रमों को भारत सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय / शिक्षा मंत्रालय ने मान्यता नहीं देता है।

### उमरिया में फेल हुई सरकारी मशीनरी, झोलाछाप को ऑफ रिकार्ड कमान

इलेक्ट्रो होम्योपैथी का खुद को डॉक्टर बताने वाले समीर कुमार अधिकारी जोकि विधि के विरुद्ध एवं नियम को ताक पर रखकर एलोपैथी (अंग्रेजी दवाई) कर रहे हैं वह एक क्लीनिक नहीं अपने निजी घर में एक प्राइवेट हॉस्पिटल खोल कर रखे हैं, जिसमें सुबह से लेकर रात्रि तक अस्पताल संचालित रहती है 2 से 3 कर्मचारियों को रखकर वह लोगों का इलाज करते हैं उनके क्लीनिक में जाकर साहब देखे तो बड़े-बड़े प्राइवेट हॉस्पिटलों के बराबर समीर की अस्पताल संचालित हो रही है उसके हॉस्पिटल में पूरे बीमारियों का इलाज होता है और कर्मचारी भी जैसे एमबीबीएस, बीएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस और बीडीएस में सबसे कम अवधि वाला कोर्स बीडीएस है, जो 5 साल में पूरा होता है एमबीबीएस डॉक्टर जैसे लोगों का इलाज करते हैं, सभी साहब को टीम मिले तो नौरोजाबाद मे समीर अधिकारी की क्लीनिक उसकी हॉस्पिटल मे जा कर जाच जरूर करना वह भी मीडिया के सामने ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए समीर के क्लीनिक में है जितने कर्मचारी हैं उनकी योग्यता और डिग्री कहां की है क्या उनको स्वास्थ्य विभाग से परमिशन दिया गया है कि वह प्राइवेट क्लीनिक में जाकर लोगों का इलाज कर सके, कैसे वह लोगों को सुई लगाते हैं और बोतल चढ़ाते हैं एवं उनका इलाज भी करते हैं समीर के कहने पर आखिरकार समीर अधिकारी को अंग्रेजी दवाई करने की अनुमति मौखिक रूप से मानो तो स्वास्थ्य विभाग ने दे दी हो तभी तो कई बार कार्रवाई होने के बावजूद अपनी क्लिनिक सभी नियमों को ताप पर रखकर संचालित कर रहा है जिले से रीवा और भोपाल तक पडी हुई हैं और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में भी और लिखित मे भी जिला कलेक्टर ,पुलिस अधीक्षक, स्वास्थ विभाग तक में लेकिन मजाल किसी अधिकारी की समीर के हॉस्पिटल की तरह कोई उगाली उठ सके और सील करे तुरत नेता जी लोग का फोन जिम्मेदार अधिकारी पास पहुच जायेगा इसी लिए अधिकारी कार्रवाही करने के नाम से पल्ला झाड़ते हुए नजर आता है और बिना शिकायतकर्ता के संतुष्टि के आधार पर शिकायत को बंद कर दिया जाता है एवं स्वास्थ विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गोलमोल जवाब देते हुए नजर आते हैं कुल मिलाकर यह समझ में आता है कि स्वास्थ विभाग नियम के विरुद्ध क्लीनिक संचालित कर रहे है और जिले के झोलाछाप डॉक्टरों से कुछ ज्यादा ही धनिष्ठा हो गई हो साहब से जिससे वह कार्यवाही करने से बचते हुए नजर आ रहे हैं आखिर कब जिले में बैठी जिम्मेदार अधिकारी समीर कुमार अधिकारी के दस्तावेज की जांच कर एवं उसकी क्लिनिक के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे ये तो समझ से परे है।

### कर्मचारी कर रहे थे ईलाज

समीर की क्लीनिक में कर्मचारी इलाज करते हैं यह कहना है ब्लॉक मेडिकल अधिकारी बीएमओ व्ही. एस.चंदेल साहब का पूर्व में दिनांक 2 जून 2023 को जिला कलेक्टर कृष्ण देव त्रिपाठी उमरिया को इस मामले की शिकायत दूरभाष के माध्यम से की गई थी कि समीर कुमार अधिकारी जो कि अपने क्लीनिक में उपस्थित नहीं है उसके द्वारा उसके क्लीनिक में उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा लोगों का इलाज किया जा रहा है एवं उनके जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है यह लगातार 2 से 3 दिन से चल रहा था जिसकी शिकायत कलेक्टर उमरिया को की गई थी मामले में संज्ञान लेते हुए जिले कलेक्टर उमरिया के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समीर कुमार अधिकारी की क्लीनिक में जा के जाच करने का आदेश दिया गया तब जा के स्वास्थ्य विभाग के टीम बीएमओ व्ही. एस.चंदेल साहब और राजेंद्र तिवारी स्वास्थ्य विभाग ने आकर छापा मार कार्यवाही की जिसमें यह पाया गया कि समीर अधिकारी क्लीनिक में उपस्थित नहीं है उनकी बिना उपस्थिति के कर्मचारियों के द्वारा लोगों का इलाज किया जा रहा था जिसमें क्लीनिक को बंद किया गया एवं ताला मार के चाबी बीएमओ व्ही. एस.चंदेल साहब ले गए जब इस विषय में मीडिया ने बीएमओ व्ही. एस.चंदेल साहब से चर्चा की गई तो उन्होंने वाइट में कहा कि शिकायत प्राप्त हुई थी कि कोई समीर कुमार अधिकारी है जो की क्लीनिक में उपस्थित नहीं है उसकी क्लीनिक उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा लोगों का इलाज किया जा रहा है जिसकी शिकायत मिलने पर हमने छापेमार कार्रवाई की जिसमें देखा गया कि समीर कुमार अधिकारी क्लिनिक उपस्थित नहीं थे उनके कर्मचारी के दौरा लोगों का इलाज किया जा रहा था जिसके हमने पंचनामा बनाया है अग्रिम कार्यवाही की जाएगी एवं समीर कुमार अधिकारी का स्वास्थ्य विभाग में कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है एवं उसके पास कोई भी क्लीनिक चलाने की अनुमति नहीं है समीर कुमार अधिकारी के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग सीएचएमओ ने न्यायालय में परिवारवाद लगाया गया है जिससे कि उसकी क्लीनिक खुलनी भी नहीं चाहिए थी चाहे वहां डॉक्टर रहे या ना रहे क्लीनिक नहीं खुलनी थी अब अग्रिम कार्यवाही माननीय न्यायालय के द्वारा किया जाएगा लेकिन कुछ समय के बाद देखा जाता है कि वह क्लिनिक दोबारा खुल जाती है अखिरकार किस अधिकारी के अनुमति से ये क्लीनिक संचालित होने लगी और क्लिनिक वही पुराने नियम के विरुद्ध संचालित हो रही है जिसकी इजाजत ना हाईकोर्ट देता है ना मध्य प्रदेश शासन ना संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं मध्यप्रदेश ना स्वास्थ्य विभाग की आप रजिस्ट्रेशन किसी और विधि का हो डिग्री किसी की हो और ईलाज आप किसी और विधि से करे और अधिकारी उसको नज़र अंदाज करे और उसके गलत विधि कर रहे डॉ दौरा ईलाज का उच्च अधिकारियों दौरा सपोर्ट करे और करवाई ना करे जैसे कि गलत जानकारी सीएचएमओ साहब दे रहे सूचना के अधिकार का पुलिस अधीक्षक कार्यालय और अपने पूर्व में दिए बयान और कार्यवाही में खुद ही उलझे गए है साहब जी जिसकी शिकायत राज्य सूचना आयोग भोपाल तक हुई है।

### बंद कर देना चाहिए शहडोल जैसे मेडिकल कॉलेज

जब झोलाछाप चिकित्सक ही बंगाल के जादू में सिख कर आमलोगों को छोटी से बड़ी बीमारी का इलाज कर सकते है, तो देश और प्रदेश में स्थित शहडोल जैसे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों को शायद बंद करने का समय आ गया है, शासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि जब बंगाल के जादू से आम लोगों का इलाज किया जा सकता है तो अरब रुपये खर्च कर भवन बनाने और उस पर हर माह करोड़ो रूपये खर्च करने की आवश्यकता ही क्या है, शहडोल मेडिकल कॉलेज सहित पूरे देश के चिकित्सा महाविद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्रों की भी इस मामले से सबक लेना चाहिए और एमबीबीएस तथा अन्य समकक्ष डिग्रियों में पैसा बर्बाद न कर समीर अधिकारी की तरह बंगाल का जादू और की सत्ता की चाटुकारिता का हुनर सीखना ही फायदेमंद है।

## शत प्रतिशत मतदान सम्पन्न कराकर लौटे मतदान दलों का हुआ स्वागत



**उमरिया।** शहडोल संसदीय क्षेत्र के 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र कें चुनौती 40 में चयनित पांच मतदान केन्द्रों में शत प्रतिशत मतदाताओ द्वारा अपने मत का उपयोग किया गया। शत-प्रतिशत मतदान सम्पन्न कराकर लौटे मतदान दलों का जिला मुख्यालय के शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में व्यय प्रेक्षक रामकृष्ण केडिया, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन

### जिले में स्वतंत्र, शांति पूर्ण और रूप से मतदान संपन्न

अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, एआरओ मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर ने फूल मालाओ से स्वागत किया गया। जिन पांच मतदान केन्द्रों में शत प्रतिशत मतदान हुआ है, उसमें मतदान केंद्र क्रमांक 278 कुनकुनी, मतदान केंद्र क्रमांक 95 गजरहा, मतदान केंद्र क्रमांक 312 कुसुमहा कला, मतदान केंद्र क्रमांक 149 पिपरी टोला एवं मतदान केंद्र क्रमांक सेमरी 105 शामिल है।



## मतदान पश्चात स्ट्रांग रूम की गई सीलिंग



**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए उमरिया जिले की दो विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ़ एवं 90 मानपुर में मतदान संपन्न होने के बाद जिला मुख्यालय के शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में बनाये गये 89 बांधवगढ एवं 90 मानपुर के स्ट्रांग रूम की सीलिंग का कार्य किया गया। इस अवसर पर व्यय प्रेक्षक रामकृष्ण केडिया, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, अपर कलेक्टिर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, एआरओ मानपुर कमलेश नीरज सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर में नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला





**कोतमा।** नगर में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व की चोरी का पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई पाती और नये चोरी की वारदात घटित हो जाती है। पूर्व की एक दर्जन से ज्यादा चोरियों का पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई। विगत मार्च महीने में वार्ड क्रमांक 7 ज्योति पेट्रोल पंप के पीछे निवास करने वाले शिक्षक सुधीर सक्सेना के यहां लगभग 30 लाख की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा सुनने घर में कर ली गई लेकिन पुलिस आज तक विवेचना करने में ही जुटी हुई है चोरों का पता नहीं लगा पाई। नगर में स्थिति यह है कि लोग अपने आप को ना तो घर में सुरक्षित महसूस कर पा रहे हैं और ना ही बाहर । दस दिन पूर्व आधे घंटे के अंदर नगर में दो मोबाइल लूट की घटना घटित हुई । और इसके पूर्व 9 अप्रैल को थाने के सामने से जब शांति समिति की बैठक चल रही थी तब एक युवक का मोबाइल लूट कर लुटेरे थाने के सामने से भागने में सफल हो गए। जबकि थाने के सामने बड़े ही उच्च क्वालिटी के सीसी कैमरे लगे हैं लेकिन पुलिस आज तक उन लुटेरों का पता नहीं लगा पाई और ना ही पुलिस आज तक मोबाइल लूट का मामला भी पंजीबद्ध कर पाई और नगर में फिर एक चोरी की घटना घटित हो गई। अरिहंत कलेक्शन कपड़ा दुकान में तीसरी बार चोरी पुलिस द्वारा आज तक एक भी एफआईआर दर्ज नहीं की। नगर के वार्ड क्रमांक 2 रेलवे स्टेशन चौक के पास आदिशक्ति पंचायती मंदिर के सामने अरिहंत कलेक्शन कपड़ा दुकान में अज्ञात चोर द्वारा 15-16 अप्रैल की दरमियानी रात छानी का खप्पर तोड़कर दुकान में घुसे 50 से 53 हजार का कपड़ा चोरी कर ले गए। दुकान के मालिक अशोक जैन ने बताया कि जब प्रतिदिन की भांति सुबह 10 बजे दुकान खोलकर देखा तो पूरी तरह से कपड़ा फैला हुआ था। अज्ञात चोरों कपड़ा चोरी कर ले गए और उसकी कुल कीमत 53 हजार रुपए के लगभग की लगभग है। थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। पिछले 1 साल के अंदर लगातार तीन बार चोरी की घटना घटित हो चुकी है । जिसकी लिखित शिकायत थाने में किया हूं किंतु आज तक पुलिस द्वारा चोरी का मामला दर्ज नहीं किया।

**खोल रहे गस्त की पोल**

एक ओर कोतमा पुलिस रात्रि कालीन गस्त करने का दावा कर रही है और दूसरी और पुलिस अगस्त के दौरान ही बीच बाजार से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इससे पुलिस के गस्त की पोल खुलती नजर आ रही है। नागरिकों ने नगर में बढ़ती आपराधिक घटनाएं चोरी लूट की वारदात को काम करने एवं चोरी का खुलासा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से करवाने की मांग की है।

## बेपटरी हुई नगर की यातायात व्यवस्था

**कोतमा।** नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर में जगह-जगह घंटो जाम की स्थिति बन जाती है। आलम यह है कि ना तो नगर पालिका प्रशासन और ना ही पुलिस प्रशासन ध्यान दे रही है। जिसके कारण आम नागरिकों को अब व्यवस्था का शिकार होना पड़ रहा है। नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्ति धाम के पास किराए के कमरों में थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दुकान संचालित की जा रही है। उन दुकानदारों का हाल यह है कि सुबह 7 से ही सड़क के दोनों और बड़े वाहन खड़े करवा दिए जाते हैं उसके बाद सड़क पर ही दो पहिया वाहन खड़े हो जाते हैं। जिसके कारण घंटो जाम की स्थिति बन जाती है यह हाल कोई एक दिन का नहीं है प्रतिदिन का हाल यही है। जबकि थोक सब्जी मंडी के रास्ते से ही होकर नगर पालिका कार्यालय अस्पताल छात्रावास कन्या स्कूल के लिए बच्चे आना-जाना करते हैं। अस्पताल से मरीज को लाने ले जाने का कार्य भी एंबुलेंस के द्वारा किया जाता है, लेकिन



### नगर पालिका व स्थानीय पुलिस की उदासीनता मुख्य कारण

बदहाल यातायात के कारण आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। अव्यवस्थित आवागमन होने के कारण स्थित यह निर्मित हो जाती है कि लोगों को पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता है। जबकि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 3 में सब्जी मंडी का निर्माण लाखों रुपए खर्च करके किया गया है उसके बावजूद भी थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा किराए के कमरा लेकर दुकान संचालित की जा रही है। आम नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास अस्पताल जाने वाले मार्ग में बदहाल यातायात व्यवस्था के सुधार कर कराए जाने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण 21 अप्रैल को कलेक्ट्रेट के मोहनसभागार में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। प्रथम पाली में सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर तथा मऊगंज विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात सेक्टर आफीसरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। द्वितीय पाली में देवतालाब, मनगवां, रीवा तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात सेक्टर आफीसरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन की जांच हेतु समिति गठित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित जिला समिति की बैठक में वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल कटनी के विरूद्ध शिकायत की जांच हेतु गठित समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में शाला प्रबंधन द्वारा नियम व निर्देशों के विपरीत कृत्य करने पर शिकायत की विस्तृत व गहन जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। जांच समिति में बी ई ओ विजयराघवगढ़ आनन कोरी, सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि और प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार आलोक पाठक को शामिल किया गया है। यह जांच समिति वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन द्वारा मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम एवं निर्देशों के उल्लंघन की तथ्यात्मक जांच कर 10 दिन के भीतर जिला समिति के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

## चेकिंग के दौरान 1 लाख 79 हजार रूपए किये जब्त

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में एसएसटी खडौला चेक पोस्ट मे लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते चैकिंग के दौरान बुलैरो वाहन से एक लाख 79 हजार 5 सौ रुपए बरामद किए गए। कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया की नाके में चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान बोलेरो वाहन क्रमांक MP 19 TJ 429 को रोककर चैक किया गया तो बोलेरो वाहन में नगदी 1,79,500 रुपये पाए गए। आचार संहिता लगी होने से बोलेरो में बड़ी तादात में रुपये होने से रुपयो के संबंध में सतीश पिता सोखी लाल चौधरी निवासी इमलिया थाना माधवनगर ने कियोस्क बैंक संचालित करना बताया ।

## हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के सुरकी टैंक के पास शुक्रवार दोपहर बाइक सवार एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए युवक को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मूल रुप से सतना निवासी सचिन मिश्रा 25 कटनी में किसी फाइनेंस कंपनी में प्राइवेट जॉब करता था। शुक्रवार दोपहर वह अपनी बाइक में सवार होकर बरही से कटनी की ओर आ रहा था। इसी दौरान सुरकी डेम के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## जागरूकता गतिविधियों का आयोजन आज

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर संसदीय क्षेत्र खजुराहो के मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अधिक से अधिक सहभागिता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि व जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत लोकतंत्र पर्व के तहत कटाये घाट स्थित सुरम्य पार्क में लोकतंत्र पर्व के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम के तहत गीत, भजन, नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### मां की गोद में घंटों तड़पता रहा युवक, लोग बने रहे तमाशबीन, घंटो बाद पहुंची एंबुलेंस

# तड़प तड़प के निकले मां के सामने बेटे के प्राण



**रीवा।**

जिले के चाकघाट थाना के पड़री गांव मे शुक्रवार को शाम 4 से 5 बजे के बीच मैजिक वाहन से टकराया बाइक सवार युवक गंभीर अवस्था में घायल हो गया। वही सड़क पर काफी समय तक तड़पता रहा युवक परंतु किसी ने नहीं दिया मानवता का परिचय और एंबुलेंस का करते रहे इंतजार। मिली जानकारी के अनुसार सड़क पर पशु आ जाने से मैजिक वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लिया जिससे पीछे से आ रहा बाइक सवार युवक जो कि मैजिक वाहन के पिछले हिस्से से जोरदार जा टकराया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनाक्रम के दौरान बाइक में युवक की मां भी बैठी थी जिसे भी चोटे आई हैं वही आसपास के लोगों द्वारा बताया गया की चाकघाट से अपने गांव की सिंगों सोनौरी की ओर बाइक सवार जा रहे थे।

घटनाक्रम में अस्पताल में उपचार के दौरान बाइक सवार युवक की मौत हो गई है आसपास मौजूद लोगों का कहना है कि घटना स्थल पर भाजपा और कांग्रेस के दोनों वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही परंतु युवक अपनी मां के गोद में खून से लथपत तड़पता रहा और काफी समय के पश्चात जब 108 एम्बुलेंस पहुंची तो उपचार हेतु भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक का नाम प्रवीण द्विवेदी उम्र लगभग 25-26 वर्ष पिता का नाम जवाहरलाल द्विवेदी निवासी सिंगौ सोनौरी बताया गया।

### इनका कहना है

सूचना मिलने के बाद डायल 100 मौके पर पहुंची थी। शादी विवाह के लगन होने के कारण रास्ते में विवाह घर पड़ जाने के कारण एंबुलेंस थोड़ा लेट पहुंची। बाइक सवार युवक हेलमेट नहीं पहना था जिसके कारण उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई थी। जैसे ही एंबुलेंस पहुंची तत्काल उसको अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मर्ग कायम करके जांच की जा रही है।

**उषा सिंह सोमवंशी चाकघाट थाना प्रभारी**

## प्रचार रथ से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



रीवा। लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गत 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। प्रचार रथ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बावनगढ़ ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## प्रेक्षकों ने एमसीएमसी सेंटर का किया निरीक्षण



**रीवा।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा संसदीय क्षेत्र में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार, पुलिस प्रेक्षक योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। प्रेक्षकों ने पेड न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया पर जारी विज्ञापनों की निगरानी एवं पेड न्यूज की जानकारी भेजने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणन के संबंध में अब तक दिए गए प्रमाणन के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया में अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे प्रचार पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा उनके द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से किए जा रहे प्रचार को उनके निर्वाचन व्यय में जोड़ने की कार्यवाही करें। उन्होंने एमसीएमसी सेंटर में संधारित विभिन्न रजिस्टरों का भी अवलोकन किया तथा प्रिंट मीडिया में जारी विज्ञापनों को निर्धारित दर के अनुसार व्यय में शामिल किए जाने के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले सहित नोडल अधिकारी उमेश तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी डॉ शिवप्रसन्न शुक्ल एवं एमसीएमसी में मीडिया मॉनीटरिंग के लिए पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी को न हिन्दी की समझ है, न अंग्रेजी की, हम इटली में संकल्प पत्र नहीं छपवा सकते : शिवराज सिंह चौहान

# शिवराज ने रीवा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

रीवा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मउगंज जिला मुख्यालय में रीवा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा के पक्ष में चुनावी जनसभा को जनपद प्रांगण में सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र को राहुल गांधी समझ नहीं पा रहे हैं, और कहते हैं कि भाजपा ने गरीबों के लिए कुछ नहीं लिखा है। मुझे लगता है कि राहुल बाबा को हिन्दी नहीं आती है तो अंग्रेजी में पढ़ लें।



हमारा संकल्प पत्र दोनों भाषाओं में साफ-साफ लिखा है कि गरीबों को पक्का मकान देंगे, निःशुल्क अनाज देंगे। आयुष्मान कार्ड देंगे, गरीबों का जीवन बदलने के लिए काम करेंगे। जो राहुल बाबा को समझ में ही नहीं आ रहा है। हम इटली की भाषा में उन्हें समझा नहीं सकते। राहुल बाबा रणछोर हो गये हैं और वायनॉड चले गए हैं। जिस सीट से इंदिरा गांधी लड़ती थी, सोनिया भी वहीं से लड़ती थी परन्तु आज रायबरेली से लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। मेरे गरीब भाई बहनों संकल्प पत्र में हमने स्पष्ट कहा है कि जिनके पास पक्के मकान नहीं है, उन गरीबों को आने वाले 5 वर्षों में 3 करोड़ देंगे। रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई का इंतजाम भाजपा सरकार करेंगी। मउगंज में इंडस्ट्रीयल क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। जिससे स्वरोजगार का निर्माण होगा। जनता की सेवा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। मेरे और जनार्दन मिश्रा के लिए राजनीति धंधा नहीं है, जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। देश की सेवा हम कर रहे हैं। 2014 के पहले का भारत जब कांग्रेस की सरकार होती थी। तब देश का दुनिया में मान-सम्मान क्या था! यह सवाल शिवराज सिंह ने जनता से पूछा। आगे उन्होंने कहा कि पिद्दी-पिद्दी देश भी हमें डराते थे, धमकाते थे, आंख दिलाते थे। मोदी जी सरकार में आते स्पष्ट कर दिया है कि हम आगे से किसी को छेड़ेंगे नहीं, जो छेड़ेगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं। सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक। आज दुश्मन की क्या मजाल जो भारत माता की तरफ आंख उठाकर देख सके।

### मउगंजवासियों के अंतर आत्मा की आवाज सुना और पूरा किया

जब मैं मुख्यमंत्री था तब आपने जो मांगा, मैंने वो दिया। जिला बनाया। मैंने कोई एहसान नहीं किया, आपका था तो आपको अर्पित कर दिया। आपकी अंतर आत्मा की आवाज को क्रियान्वित करने का सौभाग्य हमें मिला कि आपके मउगंज को जिला बनाया। बाणसागर के पानी को रीवा और मउगंज में लाने का काम किया है। आपकी पवित्र धरती के हर खेत को सिंचित करने वाला है। पीने का पानी हो हनुमना में कॉलेज हो, विकास के वो सारे काम जिससे आपका जीवन खुशहाल वो सारे काम मैंने किया है।

### जनार्दन जी दिल्ली जाएंगे और रेल लाएंगे

हम सब अच्छी तरह से जानते हैं कि भाजपा ही वो पार्टी है जो असंभव को संभव करने का दम-खम रखती है। हमें पूरा विश्वास है कि जनार्दन जी तीसरी बार दिल्ली जाएंगे और रेल लेकर आएंगं। जनार्दन जी ने सड़कों का उल्लेख किया था, अब आप ही बताओं क्या ऐसी सड़के कांग्रेस के जमाने में थी। नहीं थी! कांग्रेस के शासनकाल में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे थे। जीप भी हिचकोले खाती थी। जिसमें सफर करने से शरीर हलाहल हो जाता था। शरीर की हड्डी दर्द करने लगती थी। हाथ पांव बराबर हो जाते थे, गाड़ी भी खटारा हो जाती थी, भगवान शंकर याद आने लगते थे। मन में सिर्फ एक ही सवाल आता था कि हे भगवान कब सुधरेगी ये सड़के। भाजपा की सरकार आते ही हमने पूरे प्रदेश में सड़कों को ठीक किया, तो वहीं मोदी जी के नेतृत्व में देश में जो विकास हुए हैं वह कांग्रेस ने किये क्या! कांग्रेस का विकास से नाता नहीं है। गरीबों का कल्याण क्या होता है कांग्रेसी यह भी नहीं जानते हैं। तीसरी बार जनार्दन जी को दिल्ली भेजिए, हर मतदान केन्द्र में ज्यादा वोट दिलाइये।

## प्रेक्षकों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न निगरानी दलों द्वारा लगातार मानीटरिंग की जा रही है। जिले में एसएसटी दलों द्वारा 26 नाकों में चौबीसों घण्टे जाँच का कार्य किया जा रहा है। इस जाँच कार्य की मॉनीटरिंग कलेक्ट्रेट में बनाए गए नियंत्रण कक्ष से की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया तथा किए जा रहे मॉनीटरिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसएसटी दलों को तत्परता से कार्य करने के लिए निर्देशित करें तथा नियंत्रण कक्ष से लगातार मॉनीटरिंग हो। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। जिन दलों द्वारा जाँच में लापरवाही पाई जाए उनके विरूद्ध कार्यवाही करें तथा नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी इस कार्य की गंभीरता से मॉनीटरिंग करें। त्योंथर में एसएसटी दलों द्वारा जाँच कार्य में शिथिलता बरतने की बात सामने आने पर प्रेक्षकों ने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए कि त्योंथर में लगाए गए दलों को मुस्तैदी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया जाए तथा निर्वाचन संपन्न होने तक सभी दल पूरी तत्परता व मुस्तैदी से जाँच का कार्य करें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले उपस्थित रहे।

### मतदान के लिए इंजीनियरिंग कालेज में तैयार की जा रही हैं ईव्हीएम

# प्रेक्षकों ने ईव्हीएम की कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

**रीवा !** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित 2014 मतदान केन्द्रों में होगा। मतदान के लिए ईव्हीएम व्हीव्हीपैट मशीनें इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए विशेष कक्षों में तैयार की जा रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने ईव्हीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया।

कमीशनिंग के लिए तकनीकी अधिकारी तथा कर्मचारियों के दल विधानसभावार तैनात किए गए हैं। प्रत्येक ईव्हीएम के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट तथा व्हीव्हीपैट को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जोड़कर उनमें मॉकपोल किया जा रहा है। बैलेट यूनिट के प्रत्येक बटन से मतदान करके बटन के सुचारू कार्य करने की जाँच की जा रही है। मशीनों का भलीभांति संचालन करने के बाद बैलेट यूनिट में मतपत्र लगाकर उसकी सीलिंग की जा रही है। इसके बाद सभी तैयार मशीनें रिटर्निंग आफीसर की निगरानी में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम में संधारित की जा रही हैं। निरीक्षण के समय उपस्थित आयुक्त नगर निगम एवं नोडल अधिकारी सामग्री वितरण श्रीमती संस्कृति जैन ने सामग्री वितरण के लिए की गई व्यवस्थाओं की



जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामग्री वितरण के लिए विधानसभावार अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। सभी स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सभी रिटर्निंग आफीसर, नोडल अधिकारी ईव्हीएम आदित्य सिंह, उपस्थित रहे।

## मनगवां में एम.पी.यू.डी.सी. के तहत निर्माणाधीन वाटर सप्लाई योजना का निरीक्षण किया गया



**रीवा।** मुख्य अभियंता परियोजना प्रबंधन ईकाई नगरीय प्रशासन एवं विकास शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा नगर परिषद मनगवॉ में एम.पी.यू.डी.सी. के तहत निर्माणाधीन वाटर सप्लाई योजना का निरीक्षण किया गया। कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देशित किया गया कि जल प्रदाय योजना मनगवॉ का वर्ष 2021 में कार्यादेश जारी किया गया था, वर्तमान में 2024 चल रहा है और परियोजना का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। अभी तक इन्टकवेल का निर्माण कार्य प्रारंभ ही नही किया जा सका है। तथा डब्ल्यू.टी.पी. के निर्माण की गति अत्यंत धीमी है। 200 किलो लीटर क्षमता के बाटर टैंक का निर्माण भी पूर्ण नहीं हो पाया है। मनगवॉ नगर परिषद में लगभग 5000 हाउस होल्ड को 135 ली. पानी प्रतिदिन प्रति व्यक्ति उपलब्ध कराया जाना है। अगर निर्माण कार्य इसी गति से चलता रहा तो निर्धारित समय में कार्य पूर्ण नही हो सकेगा। मुख्य अभियंता द्वारा परियोजना के ठेकेदार को फटकार लगाते हुये निर्देशित किया गया कि माइक्रों वर्क प्लान तैयार कर कार्य की गति बढ़ाऍ। पाइप गैलरी, पम्प हाउस एवं फिल्टर बेड की ड्राइंग डिजाइन भी प्रस्तुत करें। कार्य में मैन पावर एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाऍ। जिससे कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके। अमृत योजना के तहत मनगवॉ नगर परिषद में वाटर वाडी योजनांतर्गत निर्माणाधीन तालाब एवं पार्क निर्माण का निरीक्षण भी मुख्य अभियंता द्वारा किया गया। उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि पार्क निर्माण के कार्य में गति लाते हुये पाथवे निर्माण पूर्ण करायें। तालाब की डिसिल्टिंग (खुदाई) का कार्य चैन माउन्टेड मशीन से करायें तथा टोवाल पिचिंग आदि का कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। निर्माणाधीन पार्क में घास, ग्रीनरी एवं पाथवे निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। मुख्य अभियंता ने 15 जून तक तालाब का कार्य 15 दिवस के अंदर पार्क निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन रीवा संभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनगवॉ एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## मतदान सामग्री का वितरण 25 को

**कटनी।** लोकसभा समान्य निर्वाचन अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ के लिए कृषि उपज मंडी परिसर कटनी से मतदान दलों एवं सेक्टर अधिकारियों को 23 काउंटर के माध्यम से निर्वाचन सामग्री का वितरण 25 अप्रैल को तथा समग्री संग्रहण का कार्य 26 अप्रैल को किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा सामग्री वितरण एवं संग्रहण की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 23 आउंटर हेतु 23 दल प्रभारी नियुक्त किये है। इसके साथ ही प्रत्येक काउंटर की दो टेबिलों हेतु दो- दो कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में संबधित लोक सेवकों को मतदान केन्द्रों की सामग्री स्टोर रूम एवं स्ट्रांग रूम से प्राप्त कर 25 अप्रैल को वितरण करनें तथा मतदान उपरांत 26 अप्रैल को मतदान दलों से सामग्री प्राप्त कर निर्धारित स्थल पर जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के नए डीन ने पदभार किया ग्रहण



**एसजीएमएच और सुपर स्पेशलिटी का किया**

**रीवा ।** जिले के श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में नए डीन के रूप में डॉ सुनील कुमार अग्रवाल ने पदस्थापना आदेश जारी होने के बाद वह शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे श्याम शाह मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन डॉ मनोज इंदूलकर मौजूद रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद वह कुछ ही देर चेम्बर में रुके। इसके बाद पूर्व डीन डॉ मनोज इंदूलकर के साथ अस्पताल का निरीक्षण करने निकल पड़े। सबसे पहले वह संजय गांधी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने एमरजेंसी मेडिसिन पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद आईसीयू गए। फिर मेडिसिन विभाग के थर्ड फ्लोर में एसपीडब्लू का निरीक्षण किया। संजय गांधी अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद वह सीधे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गए। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की ओपीडी का भी अवलोकन किया। सभी वार्डों में पहुंच कर नए डीन डॉ सुनील अग्रवाल ने निरीक्षण किया। फिर यहां से सुपर स्पेशलिटी के अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव के चेम्बर में गए। यहां पर कर्मचारियों ने नए डीन से मुलाकात की। उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही पूर्व डीन डॉ मनोज इंदूलकर को भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। नए डीन मुख्य रूप से अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को ही पटरी पर लाना चाह रहे हैं। ज्वाइनिंग के पहले ही उन्होंने अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। इसके अलावा श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के पठन पाठन में भी बदलाव लाना चाहते हैं। जिससे यहां का एजुकेशन सिस्टम प्रदेश ही नहीं देश में मिशाल बन सके। नए डीन के आने से लोगों को अस्पताल और कॉलेज में काफी बदलाव की उम्मीद है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय की गाइड लाइन का नही हो रहा

निर्देश के बाद भी नही घटा विद्यार्थियों के कंधों से बस्ते का बोझ

# बस्ते के बोझ तले दबता जा रहा बचपन



जिले भर मे मानव संसाधन विकास मंत्रालय की गाइड लाइन का कहीं भी असर होते नही दिख रहा है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों के कंधे पर बढ़ते जा रहे बस्ते के बोझ को संज्ञान लेते हुये नई गाइड लाइन जारी की थी जिसका कड़ाई से पालन किये जाने का भी आदेश दिया गया था, लेकिन अनूपपुर जिले मे इसका कोई भी असर देखने को नही मिल रहा है जबकि कुछ ही दिनो मे नया शिक्षण सत्र शुरू होने वाला है। ऐसे मे अभी तक शिक्षा विभाग के जिम्मेदारो द्वारा कोई भी ऐसा आदेश पारित नही किया गया जिससे उक्त गाइड लाइन का पालन हो सके। शिक्षा विभाग की हीला हवाली के कारण संभव है कि नये सत्र मे भी विद्यार्थी बस्ते के बोझ के बीच अपनी पढ़ाई करेंगे। जबकि मंत्रालय ने कक्षाओं के अनुरूप 2 से लेकर 6 किलो तक बस्ते का बोझ तय किया था, लेकिन जिले भर मे ऐसा कुछ भी होते नही दिख रहा है।

**अनूपपुर।** स्कूल विद्यार्थियों के कंधों पर बस्तों का बोझ कम करने के लिए सीबीएसई ने वर्ष 2017 मे स्कूलों को एक गाइड लाइन जारी की थी जिसमे बच्चों की कक्षा के हिसाब से उनके बैग का वजन तय किया गया था। इसके अलावा लॉकर बनाने के निर्देश भी दिये गये थे। 2016-17 के उपरांत मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने नवंबर 2018 मे इस आदेश को पुनः जारी करते हुये तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिये थे, लेकिन आज तक इस संबंध मे शिक्षा विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की गई है। निर्देश के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग को एक कमेटी गठित करनी थी जो इसकी मॉनीटरिंग करती।

### यह हैं नियम

नियमानुसार कक्षा पहली से दूसरी तक के बच्चो के बैग का वजन जहां अधिकतम 2 किलो तक होना था वही कक्षा तीसरी से चाथी तक 3 किलो, कक्षा पांचवी से आठवीं तक 4 किलो, कक्षा नौंवी दसवीं तक 6 किलो तक होना चाहिये था, लेकिन वर्तमान स्थिति मे इन बैगो का वजन नर्सरी तक 3 किलो, कक्षा पहली 4 किलो, दूसरी 6 किलो तक तथा पांचवी मे 12 से 15 किलो तक है वही आठवीं के बच्चे 20 किलो वजनी बस्ते के बीच पढ़ाई कर रहे हैं। चिकित्सा विज्ञान द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह बात समाने आई है कि भारी बस्ते ढोने की वजह से स्कूली बच्चे रीढ़ की दर्द से परेशान हैं। इसके अलावा कई दूसरी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

### निजी स्कूल सबसे आगे

शिक्षा के क्षेत्र मे निजी स्कूलो की अपेक्षा सरकारी स्कूलो के बस्ते का बोझ हल्का होता है। सरकारी स्कूलो मे प्रारंभिक कक्षाओं मे भाषा, गणित के अतिरिक्त एक या दो पुस्तकें हैं, लेकिन निजी स्कूलो के बस्तों का भार बढ़ता जा रहा है। इसके पीछे ज्ञानवृद्धि का कोई कारण नही है, बलिक व्यापारिक रूचि ही प्रमुख है। मोहल्ला ब्रांड अंग्रेजी स्कूलो के लिए तो भारी बस्ते शुभ लाभ कर रहे हैं जिस कारण बच्चों के कोमल मन मस्तिष्क पर गैर जरूरी बोझ लादा जा रहा है। बच्चे की समझ मे न आने पर उसे ट्यूशन के हवाले कर दिया जाता है और अपनी प्रारंभिक उम्र से ही बच्चा रटा रटाया शिक्षा लेने पर मजबूर हो जाता है।

# वन विभाग ने पकड़ा वन क्षेत्र में जेसीबी वाहन



**कोतमा।** अवैध उत्खनन परिवहन एवं अवैध वनअपराधो पर लगाम लगाने हेतु वनपरिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत बीट लतार आर एफ 462 में अवैध उत्खनन की सूचना पर वनविभाग कोतमा की टीम एवं वनवृत शहडोल की उडनदस्ता टीम द्वारा गस्ती के दौरान एक जे सी बी वाहन को वनक्षेत्र में अवैध उत्खनन करने के दौरान पकडा गया है। वनक्षेत्र में अतिक्रामक रामदास पटेल पिता बल्देव पटेल निवासी बिछियाडाड द्वारा अतिक्रमण कर खेत बनाने के प्रयोजन से खुदाई और मेड बनवाने का कार्य कराया जा रहा था। जे सी बी वाहन चालक रामगोपाल पिता बी डी यादव निवासी भालूमाडा द्वारा वाहन मालिक का नाम मिन्टू सिंह निवासी भालूमाडा बताया गया। जप्त वाहन के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई तथा प्रकरण क्रमांक 4757/14 पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी हरीश तिवारी उड़न दस्ता प्रभारी शिवपूजन त्रिपाठी, एके निगम उप वनक्षेत्रपाल, सुरेन्द्र सिंह कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल, जेडी धार्वे विनोद मिश्रा, खानी सिंह मराबी, वनरक्षक रामनरेश पटेल, शिवकुमार साहू,हरीश अहिरवार, बिहारी लाल रजक, मनोज चौधरी शामिल थे।

# यात्रियों की परेशानी खत्म शुरू हुआ बसों का संचालन



**अनूपपुर** लोकसभा चुनाव में अधिग्रहित हुई बसों के कारण नगर में यात्रियों की परेशानी बढ़ गई थी। शुक्रवार को चुनाव कार्य संपन्न होने के बाद शनिवार को कोतमा नगर में भी बसों का संचालन शुरू हो गया। जिससे बस से सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी दूर हो गई। जानकारी अनुसार सोमवार को कोतमा नगर के बस स्टैंड में इक्का-दुक्का बसों को छोड़कर ज्यादातर बसें पहुंची और यात्रियों को ले गई विदित रहे की पिछले तीन दिनों से सन के न आने के कारण यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा इसमें कुछ यात्रियों को निजी वाहन बुक कर सफर करने को मजबूर होना पड़ा वहीं मौके का फायदा उठाने वाले ऑटो एवं मैजिक वाहनों के चालको द्वारा क्षमता से ज्यादा सवारी ढोए जाने के परिणाम स्वरूप कोतमा थाना अंतर्गत गढ़ी तिराहे के पास एक मैजिक में 8 की क्षमता वाले वाहन में 20 सवारी बैठ जाने के कारण अनियंत्रित होकर पलटने से एक दर्जन लोग घायल हो गए थे।

मतदान दलों का वापसी में हुआ स्वागत, स्वरुचि भोज की रही व्यवस्था

# ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें स्ट्रांग रूम में जमा

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। निर्वाचन संपन्न कराकर वापस आने पर मतदान दलों का मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में स्वागत किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ ने निर्वाचन प्रक्रिया में लगे समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के परिश्रम एवं लगन की सराहना की। मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा बल को सामग्री जमा कराने के बाद सामग्री जमा स्थल के बाहरी प्रांगण में भोजन की व्यवस्था की गई थी, जहां मतदान कराकर लौटे मतदान दल के लोगों ने स्वरुचि भोज किया। मतदान दलों के मतदान कार्मिकों ने जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में की गई व्यवस्था तथा सामग्री वितरण, वापसी के प्रबंधन, भोजन, स्वल्पाहार आदि की नायाब व्यवस्था की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर आशीष वशिष्ठ ने ने अनूपपुर जिले सहित संपूर्ण शहडोल संसदीय क्षेत्र के समस्त मतदाताओं जिन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, उनकी सराहना करते हुये कहा कि प्रशासन को आप सभी पर



गर्व है। उन्होंने कहा जो लोग इस बार किसी कारणवश मतदान नही कर पाएं वे अगली बार अवश्य मतदान कर अपना कर्तव्य निभाएं और जिन्होंने इस बार मतदान कर जिले का मान बढाया है वे जिम्मेदारी की इस राह में सतत रूप से आगे बढें और शतप्रतिशत मतदान को प्राप्त कर लोकतंत्र को सशक्त करने में सहयोग करें। उन्होंने जिले के सभी पत्रकारों के कार्य की सराहना करते हुये आभार व्यक्त किया कि आप सभी का सहयोग प्रशासन को मतदाता जागरूकता के अभियान से लेकर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने में सतत रूप से मिला। लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ की भूमिका सराहनीय रही।

### शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए कलेक्टर ने व्यक्त किया आभार

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा निर्वाचन के लिए 19 अप्रैल को अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र कोतमा, अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन में लगे समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें स्ट्रांग रूम में जमा

जिले के समस्त 699 मतदान केन्द्रों की ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें मतदान दलों से प्राप्त कर सामग्री वापसी केन्द्र पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में विधानसभावार स्ट्रांग रूम में व्यवस्थित रूप से रख, कक्ष को सील किया गया है। समस्त स्ट्रांग रूमों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के द्वारा निगरानी भी की जा रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को प्रातः 08 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

जिलेभर में आईपीएल सट्टे के दर्जनों अड्डे आबाद

# हाईटेक हुये सटोरिये हर गेंद पर लगता है सट्टा

साल भर इंतजार के बाद चालू हुये आईपीएल क्रिकेट मैचों के दौरान जिले में क्रिकेट का सट्टा कराने वाले व्यवसाईयों के पास हर घंटे लाखों रूपयें के दाव लगाये जाते है। यह कारोबार अनूपपुर, जैतहरी, कोतमा, अमलाई, फुनगा, बिजुरी, रामनगर, राजनगर आदि जगहों पर खेला जा रहा है। क्रिकेट सट्टा खेलने वाले खिलाड़ियों का सबसे पसंदीदा टूर्नामेन्ट है वैसे जो हर क्रिकेट मैच पर सट्टा खेलने वालों की नजर बनी रहती है। सट्टा खिलाने वाले के द्वारा हर मैच के दौरान दोगुना दाम भी दिया जाता है।





**अनूपपुर।** जब से आईपीएल मैच प्रारंभ हुये है जिले में इन्हीं के आड़ पर सट्टे का कारोबार बहुत तेजी से पैर पसारते जा रहा है। जब कम मेहनत में ज्यादा रूपया मिल रहा है ऐसे में जिले का युवा वर्ग बुरी तरह से सट्टे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है। जिस तरह से मैच के दौरान चौके, छक्के, लगने पर चीयर लीडर्स उझल पड़ते है ठीक उसी तरह सट्टा प्रेमी भी मन मुताबिक शाट लगने पर किस्मत पर मेहरबान होकर खुश हो जाते है जहां इस गोरखधंधे में हर रोज दो चार मालामाल हो रहें है तो दूसरी ओर सैकडों कर्ज और कंगाली के दलदल में धंसते जा रहे हैं। आईपीएल सट्टे का अवैध व्यापार अब इतना हाईटेक हो चला है कि जिला पुलिस बल को इन्हें पकडने में काफी मशक्कत करनी पडेगी। संचालनकर्ता द्वारा लैपटॉप, मोबाइल तथा अन्य साधनों से लैस होते हुये सट्टे की बुकिंग मैच के कई घंटे पहले ही शुरू कर दी जाती है और उस दिन का मैच खत्म होने के बाद लैपटॉप से सारी जानकारियां नष्ट कर दी जाती है वहीं हर रोज नये सिम से सट्टे की बुकिंग की जाती है। ऐसे में यह सटोरिये पुलिस के लिये भी चुनौती से कम नहीं है। जो एक भी सुराग नहीं छोडते है।

### हर गेंद पर लाखो के दांव

बॉलर द्वारा फेकी जाने वाली हर गेंद पर आईपीएल सट्टे के व्यापार में लाखों के दॉव लगते हैं और चौके, छक्के, तथा विकेट गिरा तो सटोरियों को बोनस राशि भी दी जाती है। इस तरह से जिले भर में यह व्यवसाय धड़ल्ले से चल रहा है और पुलिस प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लग पाती वहीं लोग आईपीएल मैच का आनंद ले रहें है या फिर सट्टे का अड्डा चलाया जा रहा है। पुलिस भी नाकाम सूचना तंत्र के चलते इस पर कोई कार्यवाही चाह कर भी नहीं कर पा रही है।

### बेमानी के धंधे में ईमानदारी

आज हर व्यक्ति जहां किसी भी बात पर यकीन करने से पहले सौ बार उसकी जांच परख करने के बाद ही उस पर पैसा लगाना चाहता है, लेकिन इस बेमानी के धंधे में ईमानदारी सतयुग जैसी देखी जा रही है जहां सट्टा लगने के बाद सटोरियों को उसका पेमेंट मन चाहे रूप में दिया जाता है। यदि ज्यादा रकम हुयी तो सीधे एकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसी वजह से लोगों का रूझान इस पर ओर बढ रहा है।

### मोबाइल से संचालित खेल

जिला मुख्यालय में आईपीएल सट्टे के एक दो नहीं बल्कि दर्जनों अड्डे चल रहे है जहां मोबाइल की सहायता से इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। यह खेल युवाओं का सबसे पसंदीदा खेल बनता जा रहा है जहां बस कुछ ही पल में राजा से रंक और रंक से राजा बनाया जाता है। इस पूरे मामले पर जिला पुलिस की चुप्पी से इनके हौसले और भी बुलंद है।

### नाबालिग भी है शामिल

पल भर में लखपति बनने का सपना लेकर इस खेल में सिर्फ आदतन व्यक्ति ही नहीं बल्कि अब बच्चे भी बल्ले भांज रहे है। भले ही क्रिकेट के मैच में उन्हें जगह न मिलती हो लेकिन यहां तो कोई रोक टोक नहीं है वहीं नाबालिग इस खेल में शामिल होने के लिये कई गलत प्रकार के काम कर के पैसे लगाते है।

# नहीं थम रहा अवैध गैस रिफिलिंग का धंधा





अवैध गैस से हो रही मौत की रिफिलिंग

जिला मुख्यालय में गैस रिफिलिंग का अवैध धंधा नहीं थम रहा है। आलम यह है कि घरेलू गैस सिलेंडर से कामर्शियल गैस सिलेंडरों में रिफिलिंग कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। जिला मुख्यालय मे में यह धंधा पिछले कई सालो से अवैध रूप से चलाया जा रहा है। छोटे घरेलू सिलेंडरों में बड़े सिलेंडरों से गैस भरकर इसे ऊंचे दाम पर लोगों को बेचा जाता है। एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस भरने की यह प्रक्रिया काफी पुरानी और खतरनाक है। चूंकि यह धंधा गहन बस्तियों, संकरी गलियों में बनी दुकानों में चलाया जाता है इसलिए खतरे की आशंका भी दोगुनी हो जाती है। लोगों का कहना है कि गैस रिफीलिंग का अवैध धंधा करने वाले मनबढ़ किस्म के होते हैं। यदि इन्हें घनी आबादी के बीच में रिफिलिंग करने से मना किया जाता है तो वे झगड़ने पर आमादा हो जाते हैं। एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर से गैस भरने के दौरान कभी कभी गैस लीक होने के कारण छोटे छोटे हादसे भी होते रहते हैं।

सिलेंडर से गैस चोरी, ठगे जा रहे उपभोक्ता

**अनूपपुर।** नगर मे रसोई गैस के व्यवसायिक दुरुपयोग के साथ अवैध रूप से गैस रिफलिंग का धंधा जोरों पर चल रहा है। बड़े रसोई गैस के सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस निकाली जा रही है। कई स्थानों पर यह कारोबार भीड़, भाड़ वाले स्थानों पर बेरोक टोक किया जा रहा है। इन स्थानों पर आग से निपटने का कोई इंतजाम नहीं है। जिससे बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है वही रजिस्टर्ड गैस उपभोक्ता ठगे जा रहे हैं। घरेलू गैस सिलिंडर से एक से तीन किलो तक गैस निकाल कर लोगों के घरों में पहुंचाया जा रहा है। नगरवासियों ने इस तरह अवैध रूप से हो रहे गैस रिफलिंग के कारोबार पर अंकुश लगाए जाने की मांग किया है। जिससे कोई छोटा, बड़ा हादसा होने से बचा जा सके।

### अवैध रिफलिंग खतरे को दे रहा आमंत्रण

बीच शहर की गलियों में अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग करने वाले कारोबारी खतरे को खुला आमंत्रण दे रहे हैं। सिलिंडर की सील इतनी सफाई से खोला व दोबारा लगाया जाता है, कि लोगों की पकड़ में नहीं आये। कैप लगाकर मोमबत्ती से प्लास्टिक सील को गरम कर चिपका दिया जाता है। गैस रिफिलिंग की दुकानों पर रसोई गैस सिलिंडर से दो से लेकर पांच लीटर तक गैस छोटे सिलिंडरों में भरा जाता है वहीं अवैध रूप से इन दुकानों से रसोई गैस की टंकियां भी जरूरतमंदों को मिल जाती है। यह सारा काम टेंट हाउस की आड़ में या अन्य किसी दुकानों की आड़ लेकर किया जा रहा है।

### घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा व्यावसायिक उपयोग

नियमों के मुताबिक हर वर्ष आम उपभोक्ता को सब्सिडी वाले 12 गैस सिलेंडर मिलते हैं, लेकिन तमाम उपभोक्ता पूरे साल में 12 गैस सिलेंडर खरीद नहीं पाते। जो गैस सिलेंडर उपभोक्ता नहीं उठाते, उनकी कालाबाजारी की जाती है। घरेलू गैस सिलिंडर का व्यावसायिक उपयोग अवैध है.व्यावसायिक उपयोग के लिए नीले रंग का बड़ा सिलिंडर उपयोग करने का नियम है.बावजूद अधिकतर होटलों जिनमें चाय, नाश्ता, चाट की दुकानें शामिल हैं, उनमें रसोई गैस सिलिंडरों का उपयोग करते देखा जा सकता है वहीं धार्मिक आयोजन हो या शादी विवाह या अन्य कोई कार्यक्रम इन कार्यक्रमों में भी जरूरतमंदों को ब्रोकरों के माध्यम से घरेलू गैस सिलिंडर आसानी से प्राप्त हो जाते हैं।

**नाम सुधार सूचना**

मै शुभम् प्रजापति आयु-19 वर्ष पिता रमेश कुमार प्रजापति, निवासी वार्ड क्र. 08, विकास नगर कोतमा, थाना व तहसील कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.) का हूँ। मेरा आधार क्रमांक-3921-3376-0452 है। यह कि मुझ शपथकर्ता के पिता रमेश कुमार प्रजापति के द्वारा मेरे बाल्यकाल में मुझ शपथकर्ता के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.) से एक पॉलिसी लिया गया था, जिसका पॉलिसी नंबर 378724001 है। उक्त पॉलिसी लेते समय मेरे पिता द्वारा उक्त पॉलिसी में त्रुटिवश मेरा घरेलू नाम गेंदलाल चक्रधारी पिता रमेश कुमार प्रजापति दर्ज करा दिया गया था। जबकि आधार कार्ड, वोटर आई.डी. शैक्षणिक दस्तावेज एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों में मेरा नाम शुभम् प्रजापति पिता रमेश कुमार प्रजापति दर्ज है, जो कि मेरा सही व औपचारिक नाम है। उक्त दोनों नाम शुभम प्रजापति पिता रमेश कुमार प्रजापति तथा गेंदलाल चक्रधारी पिता रमेश कुमार प्रजापति एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ता का ही नाम है, किसी अन्य व्यक्ति का नहीं है।